# हरियाणा विधान सभा

**दिसंबर 2023**

**तारांकित प्रश्न**

## 19 दिसम्बर 2023

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### बहुस्तरीय कार पार्किंग का निर्माण करना

***41 श्री लीला राम (कैथल):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि कैथल शहर में एक बहुस्तरीय कार पार्किंग पहले से ही स्वीकृत है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त पार्किंग का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त कार पार्किंग का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

### गंदे पानी की निकासी करना

***42 श्री इन्दु राज (बड़ौदा):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि बरोदा विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांवों बनवासा, रिंढाणा, कथूरा,आहुलाना,मदीना,बरोदा, गंगाना, शामडी, मुंडलाना, जागसी, बिचपड़ी, आवली, कटवाल, रुखी तथा रागडा में बरसात के मौसम में तालाबों के ओवरफ्लो होने और जल निकासी की कमी के कारण गलियों, रास्तों और घरों में पानी भर जाता है; तथा

(ख) यदि हाँ, तो उपरोक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की सम्भावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## चारमार्गी सड़क का निर्माण करना

*43 **श्री राम कुमार (इंद्री):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या खानपुर से लाडवा चारमार्गी सड़क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त सड़क का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है तथा इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

----

## स्टेडियम का दर्जा बढ़ाना

*44 **श्री अमित सिहाग ( डबवाली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या डबवाली के श्री गुरु गोविंद सिंह खेल स्टेडियम को राज्य स्तरीय स्टेडियम में परिवर्तित करने/दर्जा बढ़ाने तथा उसमें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## बस स्टैंड का निर्माण कार्य आरम्भ करना

*45 **श्री सोमबीर ( दादरी):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि दादरी शहर के बस स्टैंड का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ/पूरा किये जाने की सम्भावना है ?

----

## भ्रष्टाचार के मामलों का ब्यौरा

*46 **श्री जगबीर सिंह मलिक (गोहाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) राज्य में वर्ष 2015 से आज तक सरकार द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामलों का जिला-वार, विभाग- वार तथा व्यक्तिगत ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) वर्ष 2015 से आज तक भ्रष्टाचार के मामलों में बढ़ोतरी या कमी का वर्ष-वार डेटा क्या है?

----

## सरपंच तथा ग्राम पंचायतों की शक्तियां बढ़ाना

***47 श्री नयन पाल रावत ( पृथला):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या सरपंच तथा ग्राम पंचायतों की शक्तियां बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह तथ्य है कि वर्तमान में सरपंचों तथा पंचायतों को 5 लाख तक के पांच कार्य अर्थात् 25 लाख रुपए वार्षिक करने का प्रावधान है; यदि हां, तो क्या पंचायतों को 20 लाख रुपए तक के कार्य करवाने की अनुमति देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) क्या पंचायतों में निविदा प्रक्रिया में बदलाव करने का कोई प्रस्ताव भी सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## रेलवे ऊपरि पुल का निर्माण करना

***48 श्री दीपक मंगला ( पलवल):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि पलवल क्षेत्र के कई गांवों की आबादी को असावटा रेलवे क्रॉसिंग से गुजरना पड़ता है तथा रेलवे यातायात अधिक होने के कारण वहां ज्यादातर समय जाम लगा रहता है, परिणामस्वरूप, लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है; तथा

(ख) यदि हां, तो इस रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ऊपरि पुल बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## राज्य स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति

***49 श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि एस. सी. / एस. टी. (अत्याचार निवारण) नियम 1995 के नियम 16 के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठकें नियमित रूप से न बुलाने के कारण क्या हैं?

----

## सड़कों का निर्माण करना

***50 श्री सुभाष गांगोली (सफीदों):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या निम्नलिखित सड़कों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है:-

(i) नहर पुल से पुरानी गैस एजेंसी वाया रेलवे स्टेशन की सड़क;

(ii) महात्मा गांधी सड़क पर एचडीएफसी बैंक के सामने से राम मेहर ठाकुर के घर तक की सड़क;

(iii) महात्मा गांधी मार्ग;

(iv) नहर के दोनों तरफ के रास्ते;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## मेट्रो ट्रेन का विस्तार करना

***51 श्री सुरेन्द्र पंवार (सोनीपत):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि सोनीपत में मेट्रो ट्रेन का विस्तार कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## भ्रष्टाचार के पंजीकृत मामलें

***52 श्री अभय सिंह चौटाला ( ऐलनाबाद):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) राज्य में नवंबर, 2019 से नवंबर, 2023 तक भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत विभिन्न विभागों, बोर्डों तथा निगमों में पंजीकृत हुए मामलों की संख्या कितनी है; तथा इसका वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) ऊपर वर्णित 'क' के अनुसार पंजीकृत मामलों की जांच की स्थिति / स्तर क्या है तथा इसका मामले-वार ब्यौरा क्या है?

----

## सड़क का निर्माण

***53 श्री ईश्वर सिंह (गुहला):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि भारी यातायात के कारण समाना मंडी से हरियाणा सीमा तक की सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है;

(ख) यदि हां, तो डी.एल.पी. की समयावधि क्या है तथा उक्त सड़क की डी.एल.पी. समाप्त होने का समय क्या है तथा इस सड़क के निर्माण में देरी के क्या कारण हैं; तथा

(ग) उक्त सड़क का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## बाई-पास का निर्माण करना

***54 श्री लक्ष्मण सिंह यादव ( कोसली):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:

(क) क्या कोसली बाई-पास का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है ?

----

## जन संवाद कार्यक्रमों पर किया गया खर्च

***55 श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या राज्य में संचालित 'जन-संवाद' कार्यक्रमों को सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहा है;

(ख) क्या उस क्षेत्र के स्थानीय विधायक को 'जन संवाद' कार्यक्रमों के लिए निमंत्रण दिया जा रहा है जहां 'जन संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया जाता है;

(ग) लेखा-शीर्ष का ब्यौरा क्या है जिससे 'जन संवाद' कार्यक्रमों पर राशि खर्च की जा रही है; तथा

(घ) क्या 'जन संवाद' कार्यक्रमों पर हुए उक्त खर्च के लिए सरकार द्वारा बजट में प्रावधान किया गया था?

----

## स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति करना

***56 श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) क्या यह तथ्य है कि झज्जर विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव बिरोहड़, नौगांवा, साल्हावास, बिरधाना, मोहनबाड़ी, झामरी, कालीवास और बिरड में स्वच्छ पेयजल की समस्या है; तथा

(ख) उपरोक्त गांवों में पर्याप्त स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## विकास कार्यों के लिए आवंटित राशि

***57 श्री शमशेर सिंह गोगी (असंध):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः

(क) क्या यह तथ्य है की राज्य में दिनांक 24 फरवरी, 2021 को सरपंचों का कार्यकाल समाप्त होने से लेकर 3 दिसम्बर, 2022 को नए सरपंचों के चुनाव तक सरपंचों का कार्यभार खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को दिया गया था;

(ख) यदि हाँ, तो विकास कार्यों के लिए आवंटित राशि कितनी है तथा उपरोक्त समयावधि के दौरान असंध विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के विभिन्न खण्डों में पंचायत द्वारा अर्जित आय कितनी थी तथा उपरोक्त राशि से विकास कार्य-वार खर्च की गई कुल राशि का ब्यौरा क्या है,

(ग) क्या उक्त कार्यकाल के दौरान विकास कार्यों के लिए उक्त अधिकारियों द्वारा सामान्य बैठक बुलाई गई थी या नहीं तथा दोनों परिस्थितियों में ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार द्वारा उपरोक्त कार्यकाल के दौरान निष्पादित किए गए कार्यों का ऑडिट करवाया गया है; तथा

(ड) यदि नहीं, तो सरकार द्वारा उक्त ऑडिट कब तक कराए जाने की सम्भावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## कारीगरों को सुरक्षित करने की नीति

***58 डॉ. अभय सिंह यादव ( नांगल चौधरी):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या किसानों को मिल रहे फसल मुआवजे की तर्ज पर प्राकृतिक आपदाओं के कारण गरीब कारीगरों को उनके उत्पादों के हुए नुकसान के लिए नुकसान मुआवजे के रूप में आर्थिक मुआवजा दिए जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) क्या ऊपर (क) के संबंध में कारीगरों जैसे बर्तन बनाने वाले तथा उनके समान अन्य कारीगरों को सुरक्षित करने के लिए सरकार द्वारा कोई नीति बनाई जाएगी; तथा

(ग) यदि हां, तो राज्य में उपरोक्त नीति के कब तक बनाए जाने तथा लागू किए जाने की संभावना है?

----

## नई माईनरों का निर्माण करना

***59 श्री अमरजीत ढांडा (जुलाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या जुलाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में दो नई माईनरों अर्थात् बिरोली तथा करेला-मालवी माईनरों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है ?

----

## रिंग रोड का निर्माण करना

***60 डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा (जींद):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) जींद शहर के प्रस्तावित रिंग रोड का निर्माण कार्य कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है;

(ख) क्या रिंग रोड की डीपीआर को अंतिम रूप दे दिया गया है; तथा

(ग) उपरोक्त रिंग रोड की निविदा प्रक्रिया कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है?

----

**चंडीगढ़.** **राजेन्द्र कुमार नांदल,**
**दिनांक 19 दिसंबर, 2023.** **सचिव**